कोटद्वार, शनिवार
21 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 145 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

ऊर्जा निगम में प्रमोशन पर डिप्लोमा और इंजीनियर्स में घमासान

देहरादून। ऊर्जा निगम में अधिशासी अभियंता के खाली पदों पर प्रमोशन को लेकर घमासान तेज हो गया है। पॉवर इंजीनियर्स और डिप्लोमा इंजीनियर्स ने एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पॉवर इंजीनियर्स ने जूनियर इंजीनियर संवर्ग के प्रमोशन की बजाय रिवर्ट किए जाने को दबाव बनाया। दूसरी ओर डिप्लोमा इंजीनियरों ने जल्द प्रमोशन न होने पर आंदोलन की चेतावनी नोटिस दे दिया है। उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के महासचिव राहुल चानना ने एमडी को भेजे पत्र में जूनियर इंजीनियरों के पूर्व में हुए प्रमोशनों पर सवाल उठाए। कहा कि जेई से एई के पद पर पदोन्नति कोटा 33.33 प्रतिशत रहा। यूपीसीएल में जूनियर इंजीनियरों को उस समय 40 प्रतिशत कोटे का लाभ दिया गया, जब ये नियम यूपीसीएल में लागू भी नहीं हुआ था। ऐसे में एक्सेस कोटे में जेई से एई पद पर पदोन्नत हुए जूनियर इंजीनियरों को तत्काल रिवर्ट किया जाए। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं के प्रशिक्षण समय को भी वरिष्ठता में जोड़ते हुए रोटा कोटा का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। कहा कि यदि मैनेजमेंट ने किसी के दबाव में नियम विरुद्ध निर्णय लिया, तो आंदोलन तय है। दूसरी ओर उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव को भी पत्र लिख भावी आंदोलन की सूचना दी। अध्यक्ष आनंद रावत ने कहा कि ऊर्जा निगम में राज्य विद्युत परिषद के समय से ही जेई से एई पद पर प्रमोशन का 40 प्रतिशत कोटा रहा। सरकारी विभागों में यही कोटा 50 प्रतिशत तक है। हाईकोर्ट के आदेश पर अधिशासी अभियंता के खाली पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित की जाए। प्रमोशन में देरी पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। एक अक्तूबर तक जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। तीन अक्तूबर को बैठक कर आंदोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।

नौ दिन के लिए गुजराड़ा मार्ग बंद

ऋषिकेश। नरेंद्रनगर को देहरादून–ऋषिकेश मार्ग से जोड़ने वाली गुजराड़ा रोड को नौ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। मार्ग के किलोमीटर आठ पर करीब डेढ़ मीटर पैच में सुरक्षा दीवार ढहने से यहां भूस्खलन जोन बन गया है, जिससे यहां आवागमन में जानमाल का खतरा पैदा हो गया है। पहाड़ कटिंग और सड़क मरम्मत कार्य के लिए मार्ग को बंद किया गया है। पीडब्ल्यूडी की नरेंद्रनगर डिविजन के मुताबिक सुरक्षा दीवार के साथ सड़क का हिस्सा भी खाई में ढह गया है। भूस्खलन जोन होने से इस पैच में सुरक्षा दीवार बन ही नहीं सकती है, जिसके चलते पहाड़ की कटिंग कर यहां सड़क को बनाया जा रहा है। पहाड़ कटिंग और सड़क निर्माण कार्य आपदा मद से किया जा रहा है। 28 सितंबर तक गुजराड़ा मार्ग पर मरम्मत करने के लिए इसे बंद किया गया है। एई गौरव जुयाल ने बताया कि मार्ग पर मरम्मत कार्य के दौरान वाहनों अब ऋषिकेश से होते हुए नरेंद्रनगर से आ–जा सकेंगे।

आईएमपीसीएल को बचाने के लिए आगे आएं पक्ष–विपक्ष

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में स्थापित आईडीपीएल और एचएमटी जैसी कंपनियां बंद हो गईं। अब यूनानी दवाओं के निर्माण के क्षेत्र में काम कर रही इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल कॉरपोरेशन (आईएमपीसीएल) कंपनी को बंद करने की तैयारी है। केंद्र सरकार के रसायन मंत्रालय को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष को भी आईएमपीसीएल को बचाने के लिए और पब्लिक सेक्टर की इकाई के रूप में आगे बढ़ती रहे, इसके लिए सहयोग करना चाहिए। शुक्रवार को आईएमपीसीएल कर्मचारी संघ और आईएमपीसीएल के कल्याण संगठन से जुड़े लोग पूर्व मुख्यमंत्री से उनके निवास पर मिले और उन्हें यथास्थिति से अवगत कराया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि आईएमपीसीएल यूनानी दवाओं के निर्माण के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण काम कर रही है।

नौकरियों में चयन प्रक्रिया का समय कम से कम किया जाएगा: सीएम

● सीएम धामी की वर्चुअल मौजूदगी में 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को प्रदान किये गये नियुक्ति पत्र ● धामी सरकार में पिछले तीन सालों में सरकारी सेवाओं में प्रदान की गई 17 हजार से अधिक नौकरियां

देहरादून। नींबूवाला स्थित संस्कृति विभाग के ऑडीटोरियम में सीएम पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल मौजूदगी में काबीना मंत्री सतपाल महाराज और प्रेमचंद अग्रवाल ने चयनित अभ्यथियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर सीएम ने कहा कि राज्य के सरकारी विभाग में रिक्त सभी पदों पर भर्तियों के लिए सरकार संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल उपस्थिति में उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा, 2023 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में चयनित 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। नींबूवाला, गढ़ी कैण्ट स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचन्द अग्रवाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवं विधायक सविता कपूर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कनिष्ठ अभियन्ता पद के लिए चयनित हुए अभ्यर्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। योगेश कड़ाकोटी ने कहा कि राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता आयी है। यह भर्ती प्रक्रिया काफी कम समय में पूर्ण हुई है। उन्होंने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को संदेश दिया कि कड़ी मेहनत और खुद पर विश्वास रखें। राज्य सरकार द्वारा जिस तेजी से भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही हैं, इससे युवाओं में नई आशा जगी है। संदीप उनियाल ने कहा कि उन्होंने 2014 में डिप्लोमा किया था और वे 2019 से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद और भर्ती परीक्षाओं में तेजी आने से युवाओं का सरकारी नौकरियों के प्रति रूझान और बढ़ा है। रूड़की की महजबी ने कहा कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया एक साल से कम समय में पूरी हुई, अभी जिस तेजी से

राज्य में भर्तियां आ रही हैं, सभी लोग तैयारी करने के लिए उत्साहित हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चयनित सभी कनिष्ठ अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आज आपके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। अपने माता–पिता गुरूओं और ईश्वर की कृपा से सभी को देवभूमि उत्तराखण्ड में सेवा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज जिन 1094 अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिली है, इनसे विभागों को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक का जिस तेजी से विस्तार हो रहा है, उस हिसाब से नियमित अपडेट रहें। उन्होंने कहा कि सभी पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, इसके लिए कार्यक्षेत्र में नियमित दिनचर्या बनाना जरूरी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पिछले तीन सालों में राज्य में सरकारी विभागों में 17 हजार से अधिक नौकरियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि 04 जुलाई 2021 को शपथ लेने के बाद पहली कैबिनेट में हमने निर्णय लिया कि राज्य के सभी रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी। अभी अनेक भर्ती परीक्षाएं गतिमान हैं।

राज्य में भर्ती परीक्षाओं के अधियाचन से नियुक्ति पत्र प्रदान करने तक की पूरी समयावधि को कम किया गया है। पूरे साल के लिए भर्ती परीक्षाओं के लिए कलेण्डर बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने राज्य में नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद से सभी भर्ती परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई है। आज योग्य युवा हर भर्ती परीक्षा में सफल हो रहे हैं। नकल विरोधी कानून में सख्त सजा के प्राविधान किये गये हैं। इसमें उम्रकैद और सारी सम्पति जब्त करने तक का प्राविधान किया गया है। राज्य में नकल को जड़ से समाप्त करने के लिए नकल माफियाओं पर सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नया वर्क कल्चर शुरू हुआ है। उत्तराखण्ड में भी राज्य सरकार द्वारा नया वर्क कल्चर लाने की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों के इंडिकेटर में राज्य को देश में प्रथम स्थान मिला है। उत्तराखण्ड देश में सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों की श्रेणी में दूसरे स्थान पर है।कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य में 1094 नये कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्ति होने से कार्यों में और तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान अनेक लोगों से मिलने का मौका मिलेगा, उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित अभ्यर्थी बड़ी सकुशलता से जन समस्याओं का समाधान करेंगे और उत्तराखण्ड को विकसित राज्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मां–बेटी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

विकासनगर। विकासनगर क्षेत्र के भीमावाला में घर में घुसकर मां–बेटी की गोली मारकर हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही आरोपी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नंदन सिंह की अदालत ने बुधवार को हुई सुनवाई में आरोपी को दोषी करार दिया। मामला वर्ष 2017 का भीमावाला चुंगी क्षेत्र का था। ज्योति विश्वास निवासी भीमावाला चुंगी ने कोतवाली विकासनगर में तहरीर दी थी। तहरीर में ज्योति ने बताया कि वह अपनी मां काकूली और बड़ी बहन वैशाली के साथ घर पर थीं।

भाई विश्वजीत काम से डाकपत्थर गया हुआ था। इसी दौरान शाम को करीब साढ़े छह बजे मोहल्ले में मोबाइल की दुकान चलाने वाला आनंद परवाल, निवासी चिरंजीपुर दांडी उनके घर में जबरदस्ती घुस गया और झगड़ा करने लगा। वह उसकी बड़ी बहन से बात करवाने के लिए कहने लगा। जब मां ने विरोध किया तो उसने उनकी मां को अंदर वाले कमरे में गोली मार दी। इसके बाद बहन को भी कमरे में ले जाकर गोली मार दी। बताया कि आरोपी से

पिस्तौल छीनने की कोशिश की तो उसने उसे भी गोली मारने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी ने उसके सिर से पिस्तौल की बट से वार किया और बाइक से फरार हो गया। आरोपी को पुलिस ने उसी दिन तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया था। फारेंसिक जांच में मां–बेटी की हत्या आरोपी आनंद के तमंचे से चली गोली से होना साबित हुआ। बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नंदन सिंह की अदालत ने आरोपी को मां–बेटी की हत्या का दोषी करार दिया था। शुक्रवार को सजा पर सुनवाई हुई।

लोनिवि का एई 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

हल्द्वानी। विजिलेंस हल्द्वानी सेक्टर ने भीमताल स्थित लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिक खंड के सहायक अभियंता दुर्गेश पंत को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एक ठेकेदार के भुगतान के एवज में सहायक अभियंता ने यह रकम मांगी थी। इसकी शिकायत ठेकेदार ने विजिलेंस में की थी। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ने यह कार्रवाई की है।सीओ विजिलेंस अनिल सिंह मनराल ने बताया कि एक ठेकेदार ने सतर्कता अधिष्ठान हल्द्वानी कार्यालय में शिकायत की थी कि सहायक अभियंता आवासीय परिसर में किए गए काम के भुगतान के एवज में रिश्वत मांग रहे हैं। शुरुआती जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर इंस्पेक्टर भानु प्रताप के नेतृत्व में दोपहर करीब 2 बजे शुक्रवार को हल्द्वानी के तिकोनिया स्थित लोनिवि के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में विजिलेंस ने औचक छापेमारी की। सीओ ने बताया कि यहां विजिलेंस टीम ने ग्राम पाली, तहसील गंगोलीहाट, जिला पिथौरागढ़ के मूल एवं हाल अमरावती कॉलोनी, फेज–01, हल्द्वानी निवासी सहायक अभियंता दुर्गेश पंत को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।

उत्कृष्ट कार्यों से विकसित राज्य के सपने को करें साकार : महाराज

● 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को प्रदान किये गये नियुक्ति पत्र

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा, 2023 के अंतर्गत विभिन्न विभागों हेतु चयनित कनिष्ठ अभियन्ताओं को एक समारोह में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने नवनियुक्त 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने कहा कि नव नियुक्त अभियन्ताओं की ऊर्जा, उत्साह एवं कौशल से हम और अधिक सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। इनका योगदान विभागों की क्षमता को और अधिक मजबूत बनायेगा। उन्होंने नव नियुक्त अभियन्ताओं से कहा कि सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए उत्तराखण्ड को विकसित राज्य बनाने के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कनिष्ठ अभियन्ता पद के लिए चयनित हुए अभ्यर्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। शुक्रवार को नींबू वाला, गढ़ीकैंट स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान समारोह के विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के द्वारा लोक निर्माण विभाग के 252, ग्रामीण निर्माण विभाग के 201, सिंचाई विभाग के 137, लघु सिंचाई विभाग के 46, पंचायती राज विभाग के 41, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल संस्थान के 79, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पेयजल निगम के 52, आवास विभाग के 134, शहरी विकास विभाग के 32, पावर ट्रांसमिशन, कार्पोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 के 5, उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड के 49, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के 37, उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के 10 और ऊर्जा विभाग के 09 नवनियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं सहित कुल 1094 को नियुक्ति पत्र वितरण किये गये। समारोह के दौरान नवनियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सभी विभाग राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। लोक निर्माण विभाग जहां सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण से बेहतर कनेक्टिविटी देने का काम कर रहा है वहीं अन्य सभी विभाग भी विकास के लक्ष्यों को साधने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं की नियुक्ति से न केवल युवाओं के करियर को एक नई दिशा मिलेगी बल्कि इससे विभिन्न विभागों को भी उत्कृष्ट मानव संसाधनों का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, विधायक श्रीमती सविता कपूर, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, सचिव रंजीत सिन्हा, सचिव सिंचाई राजेश कुमार, नितिन भदोरिया, सचिव एस.एन.पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

इंतजार खत्म! 23 सितंबर से शुरू होगी रिवर राफ्टिंग, इस बार तीन हफ्ते देरी से शुरुआत

ऋषिकेश। गंगा में रिवर राफ्टिंग का शौक रखने वालों के लिए अच्छी खबर। मानसून सत्र के बाद गंगा के कौड़ियाला–मुनिकीरेती ईको टूरिज्म जोन में राफ्टिंग गतिविधि 23 सितंबर से शुरू होने जा रही है। गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति के तकनीकी दल ने संयुक्त निरीक्षण के बाद गंगा का जलस्तर राफ्टिंग के अनुकूल पाया है। हालांकि, अभी मरीन ड्राइव से शिवपुरी और ब्रह्मपुरी से निम बीच व खारास्त्रोत तक ही राफ्टिंग संचालित होगी। गंगा के कौड़ियाला–मुनिकीरेती ईको टूरिज्म जोन में जुलाई–अगस्त के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से राफ्टिंग पर रोक रहती है। सितंबर में गंगा के जलस्तर के राफ्टिंग के अनुकूल आने पर ही दोबारा संचालन शुरू किया जाता है।

वर्षा के करण अत्याधिक बढ़ा रहा गंगा का जलस्तर

गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति का संयुक्त तकनीकी दल गंगा के जलस्तर का भौतिक अध्ययन कर राफ्टिंग संचालन की अनुमति देता है। इस वर्ष सितंबर में हुई वर्षा के करण गंगा का जलस्तर अत्याधिक बढ़ा रहा। ऐसे में एक सितंबर से राफ्टिंग शुरू नहीं हो पाई। गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति के तकनीकी दल ने भी इस बीच कई चरण में गंगा के जलस्तर का अध्ययन किया।

शुक्रवार को समिति के तकनीकी दल ने मरीन ड्राइव से खरास्त्रोत तक एक बार फिर गंगा में राफ्ट व क्याक उतारकर जलस्तर का गहनता से अध्ययन किया। इसके बाद दल ने अपनी रिपोर्ट पर्यटन विकास बोर्ड को प्रेषित की है।

बिना टैक्स अदा किए ई रिक्शा चलाने वालों पर गिरी गाज

काशीपुर। बगैर टैक्स चुकता किए चल रही ई रिकाशा की धरपकड़ के लिए उप संभागीय परिवहन टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 35 ई–रिक्शा के चालान काटे गए। ई रिक्शा के टैक्स के लिए विभाग ने एकमुश्त टैक्स अदायगी की योजना घोषित की है, इसके तहत ई–रिक्शा के स्वामियों को टैक्स में 50 फीसद की छूट दी जा रही है। इसके बावजूद तमाम लोग टैक्स अदा नहीं कर रहे हैं।

एआरटीओ विमल पांडे के निर्देश पर ई रिक्शाओं की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया। शुक्रवार सुबह उपनिरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में परिवहन टीम ने टांडा तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। जिस दौरान बिना फिटनेस बिना लाइसेंस और बिना टैक्स के चल रही ई रिक्शा पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 35 चालान काटे गए। टीम में कांस्टेबल मनोज कुमार, चालक अरविंद, कांस्टेबल रविंद्र कुमार आदि थे।

राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर , धारा 302 और 299 के तहत मामला दर्ज

नई दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान का मामला पुलिस तक पहुंच गया है। सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भाजपा नेता अमरजीत छाबड़ा की शिकायत पर सिविल लाइन थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 और 302 के तहत एफआइआर दर्ज कर ली गई है। उधर, दिल्ली में भाजपा सिख प्रकोष्ठ के संयोजक चरणजीत सिंह लवली ने तिलक नगर थाने में शिकायती पत्र दिया है। उनके आरक्षण खत्म करने को लेकर दिए बयान के विरुद्ध दिल्ली भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के संयोजक सीएल मीणा ने संसद मार्ग थाने में और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने पंजाबी बाग थाने में शिकायत की है।

मध्य प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग किए जाने को लेकर राहुल पर विधिक कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डा. महेंद्र सिंह एवं सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने गुरुवार को भोपाल में ऋइम ब्रांच थाना एमपी नगर पहुंचकर एफआइआर दर्ज करने का शिकायती पत्र दिया। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि राहुल के बयान से सिखों के साथ ही अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के लोगों में रोष है। बता दें कि राहुल गांधी ने पिछले दिनों अमेरिका में कहा था कि भारत में सिख सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरक्षण को लेकर भी विवादस्पद बयान दिया था। वहीं, हिमाचल में भी भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा ने छोटा शिमला थाना में राहुल गांधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निवेदन पत्र दिया है।

यमुनोत्री और बदरीनाथ दर्शन के लिए आए तीन तीर्थ यात्रियों की मौत

बड़कोट।यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो तीर्थ यात्रियों की हृदय गति रुकने से मौत हो गई, जबकि बदरीनाथ से लौट रहे एक तीर्थयात्री ने कर्णप्रयाग में दम तोड़ दिया। इस यात्राकाल में अब तक चारधाम आने वाले 188 यात्रियों की स्वास्थ्य कारणों से मौत हो चुकी है। इनमें सर्वाधिक 86 यात्रियों ने केदारनाथ यात्रा के दौरान दम तोड़ा। बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री दर्शन को आए क्रमशः 49, 34 और 15 श्रद्धालुओं की जान गई।मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी रामेश्वर गुप्ता (60) शुक्रवार शाम यमुनोत्री धाम से दर्शन कर स्वजन के साथ बड़कोट लौट रहे थे। स्वजन के मुताबिक, हनुमान चट्टी के पास सीने में दर्द होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कोट लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरे तीर्थयात्री सूर्यकांत परमार (37) निवासी रोहतास पारा, राजकोट, गुजरात की मृत्यु यमुनोत्री धाम में दर्शन के बाद लौटते समय जानकीचट्टी में हुई। स्वजन के मुताबिक, यमुनोत्री धाम में घोड़ा पार्किंग के पास सूर्यकांत की तबीयत बिगड़ गई।

उन्हें यमुनोत्री धाम में ही अस्पताल में दिखाया गया और उसके बाद जानकी चट्टी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कर्णप्रयाग थाने में तैनात एसएसआइ राजेश सिंह ने बताया कि बदरीनाथ धाम से दर्शन कर ऋषिकेश लौट रहे चिन्मय स्वामी (74) निवासी गांधीपुरम तमिलनाडु की कर्णप्रयाग के समीप तबीयत बिगड़ गई। स्वजन उन्हें उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग ले गए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

कमजोर नियमावली से जल निगम की पदोन्नति पर उठा विवाद

देहरादून। जल निगम में डिप्लोमा इंजीनियरों की कमजोर और उलझी हुई पदोन्नति नियमावली के कारण सालों से हर पदोन्नति विवादों के घेरे में रहती है। इस बार भी नियमावली की कमजोरियों को समाप्त किए बिना सहायक अभियंता पद पर हुई पदोन्नति पर विवाद खड़ा हो गया है। हर बार की तरह इस बार भी इंजीनियर कोर्ट चले गए हैं। हर बार की तरह इस बार भी विवाद जूनियर इंजीनियरों के डिग्री कोर्स कर डिग्री कोटे में पदोन्नति को लेकर उठा है। जल निगम की नियमावली में जूनियर इंजीनियरों के नौकरी में आने के बाद डिर्ग्री कोर्स करने का प्रावधान है। डिर्ग्री कोर्स करने वाले इंजीनियरों को एई पद पर पदोन्नति में 8.33 प्रतिशत कोटे का लाभ मिलता है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने आईटी संशोधन नियम 2023 को किया रद्द

केंद्र सरकार की फैक्ट चेकिंग यूनिट को बताया असंवैधानिक

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों को असंवैधानिक करार दिया और उन्हें रद्द कर दिया। इन संशोधनों में सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने की मांग की गई थी। इससे पहले जनवरी में संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक खंडपीठ द्वारा विभाजित फैसला सुनाया गया था, जिसके बाद मामले को न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर को टाई–ब्रेकर जज के रूप में सौंपा गया था। न्यायमूर्ति चंदुरकर ने शुक्रवार को कहा कि नियमों ने संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है।



नियमों को संविधान के अनुच्छेदों का बताया उल्लंघन

न्यायाधीश ने कहा, 'मैंने मामले पर विस्तार से विचार किया है। विवादित नियम भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 19 (भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और 19 (1) (जी) (व्यवसाय की स्वतंत्रता और अधिकार) का उल्लंघन करते हैं।' उन्होंने कहा कि नियमों में फर्जी, झूठा और भ्रामक शब्द, किसी परिभाषा के अभाव में अस्पष्ट और इसलिए गलत हैं। इस फैसले के साथ उच्च न्यायालय ने स्टैंड–अप कॉमेडियन कुणाल कामरा और अन्य द्वारा नए नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को अनुमति दे दी, जिसमें सरकार के बारे में फर्जी या झूठी सामग्री की पहचान करने के लिए एक तथ्य जांच इकाई (ाउव) स्थापित करने का प्रावधान भी शामिल है।

जनवरी में सुनाया गया था विभाजित फैसला

इससे पहले जनवरी में न्यायमूर्ति गौतम पटेल और नीला गोखले की खंडपीठ द्वारा विभाजित फैसला सुनाए जाने के बाद कळ नियमों के खिलाफ याचिकाएं न्यायमूर्ति चंदुरकर को भेजी गई थीं। जस्टिस पटेल ने नियमों को खारिज कर दिया था, जबकि न्यायमूर्ति गोखले ने उन्हें बरकरार रखा था। जस्टिस पटेल ने कहा था कि नियम सेंसरशिप के बराबर हैं, लेकिन न्यायमूर्ति गोखले ने कहा था कि इनका फ्री स्पीच पर कोई प्रभाव नहीं है, जैसा कि तर्क दिया गया है। जस्टिस चंदुरकर ने शुक्रवार को कहा कि वह न्यायमूर्ति पटेल (अब सेवानिवृत्त) द्वारा दी गई राय से सहमत हैं। बताते चलें कि 6 अप्रैल, 2023 को, केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को लागू किया, जिसमें सरकार से संबंधित फर्जी, झूठी या भ्रामक ऑनलाइन सामग्री को चिह्नित करने के लिएउव का प्रावधान शामिल है।

सम्पादकीय

मठाधीशों की विदाई

राजधानी देहरादून में जनपद स्तर पर पुलिस कर्मियों के बड़े पैमाने पर तबादलों से हड़का मचा हुआ है। देहरादून के पुलिस कप्तान की नजर में ऐसे सभी पुलिसकर्मी है जो अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर लंबे समय से एक ही थाना क्षेत्र में जमे हुए थे या फिर जनपद से बाहर जाने को तैयार ही नहीं थे। ऐसे लोगों को तलाश में और उनकी सूची बनाने में कप्तान ने अपने विश्वासपात्रों से लंबी चौड़ी सूची तैयार करवाई और सैकड़ो की संख्या में मठाधीश कहे जाने वाले पुलिस कर्मियों को रास्ता दिखा दिया। असल में एक ही स्थान पर लंबे समय तक टिके रहने के कारण न केवल विभिन्न प्रकार की जांच प्रभावित होती है बल्कि एक विशेष क्षेत्र में कुछ पुलिसकर्मी अनैतिक कार्यों में भी लिप्त हो जाते हैं। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ऐसे कुछ पुलिसकर्मी अपनी जमीन पक्की करने लगते हैं और जनहित से अधिक अपने हित पर केंद्रित हो जाते हैं। पुलिस थानों चौकियों में हमेशा से ही जुगाड़ की नीति पर पोस्टिंग होती आई है जो आगे भविष्य में भी होती रहेगी। इसे रोक पाना शायद बहुत मुश्किल है क्योंकि जहां एक ओर उच्च पुलिस अधिकारियों का दबाव होता है तो दूसरी ओर राजनीतिक प्रभाव भी पुलिस कर्मियों की तैनाती और पोस्टिंग का एक महत्वपूर्ण कारण बना हुआ है। किसी भी जनपद के पुलिस मुखिया के लिए ऐसे प्रभाव से पुलिस कर्मियों को उनके स्थान से हिलाना काफी मुश्किल होता है लेकिन इधर जब से प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कार्यकाल शुरू हुआ है तबसे शासकीय एवं प्रशासनिक स्तर पर भी पोस्टिंग को लेकर दबाव से अधिकारियों को थोड़ी राहत मिली है। हाल ही में ऋषिकेश एवं रायवाला में भी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों के तबादले किए गए थे तो अब पचवादून के क्षेत्र में आने वाले थानों एवं चौकिया पर जमे पुलिस कर्मियों को स्थानांतरित कर दिया गया है। थाना एवं चौकिया में जांच प्रभावित न हो तथा सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का दायरा बनाने के लिए पक्षपात न हो अतः यह बहस जरूरी है कि पुलिस कर्मियों को एक ही स्थान पर अधिक समय तक तैनाती न दी जाए। इन परिस्थितियों में कुछ पुलिसकर्मी न केवल अपने पद का दुरुपयोग करते हैं बल्कि स्थानीय लोगों में अपनी पैठ बनाकर कई बार इसका गलत फायदा भी उठाते हैं। वैसे भी पुलिस महकमे में पुलिस कर्मियों के लिए सेवा काल के नियम तय किए गए हैं और उसी के अनुसार पोस्टिंग भी होनी चाहिए ना की जुगाड़ बाजी का प्रयोग कर अपनी मनमानी जगह ड्यूटी बजाई जाए। जनपद के सभी पुलिस प्रभारी को ऐसे लोगों को चिन्हित करना चाहिए जो लंबे समय से थाने चौकिया से हिलने को तैयार नहीं है।

राहुल की बातें मजाक की नहीं, चिंता का विषय

एस. सुनील

पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगा'। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहीं'। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है।

कांग्रेस पार्टी के सर्वोच्च नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमति स्मृति ईरानी ने एक बहुत पते की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि, राहुल गांधी जो कहते हैं, हम भले उसे बचकाना मानें या हंसी उड़ाएं लेकिन वे अलग तरह की राजनीति कर रहे होते हैं'। उनके कहने का मतलब था कि राहुल की बातें सुनने में बचकानी या बेसिरपैर की लग सकती हैं लेकिन वे किसी न किसी राजनीतिक मकसद से अपनी बातें कहते हैं। वह उनके, उनकी पार्टी के और व्यापक गठबंधन की वृहत्तर राजनीति को साधने के लिए कही गई बात होती है। इसलिए उनकी बातों को और जिस संदर्भ में वे अपनी बात कहते हैं उसको गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उनकी बातें मजाक की नहीं, बल्कि चिंता का विषय हैं।

तीन दिन की अपनी अमेरिका यात्रा में वे जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी गए और नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने जो बातें कहीं या इनसे अलग जिन लोगों से बेहद आत्मीय मुलाकात की है उसको पूरे संदर्भ के साथ देखेंगे तो एक बड़े खतरे का आभास होगा। इससे कांग्रेस और पूरे विपक्ष की मानसिकता समझ में आएगी और उनकी विभाजनकारी राजनीति की वास्तविक तस्वीर भी दिखेगी। अमेरिका यात्रा में राहुल की दो बातें और एक मुलाकात विवाद के केंद्र में हैं। पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगा'। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहीं'। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है।

राहुल और विपक्ष के राजनीतिक डिजाइन को समझने के लिए शुरुआत उनकी पहली बात से करते हैं। आरक्षण समाप्त करने से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में अभी बहुत भेदभाव और असमानता है, जब सबके लिए समान अवसर उपलब्ध होंगे यानी असमानता खत्म हो जाएगी तभी आरक्षण खत्म होगा। इस बात के दो पहलू हैं। एक पहलू को लेकर सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने राहुल पर हमला किया।

उन्होंने कहा कि यह आरक्षण खत्म करने की साजिश का खुलासा है। बाद में दूसरी पार्टियों ने भी यह चिंता जताई और कहा कि कांग्रेस की आरक्षण विरोधी मानसिकता जाहिर हो गई। कहने की जरुरत नहीं है कि आजादी के बाद से कांग्रेस हमेशा आरक्षण विरोधी रही है। उसके शासन में काका कालेलकर आयोग बना था, जिसकी सिफारिशें उसने नहीं लागू कीं और बीपी मंडल की अध्यक्षता में बनी मंडल आयोग की रिपोर्ट भी इंदिरा और राजीव गांधी ने 10 साल तक बक्से में बंद रहने दी थी। अब राहुल गांधी अचानक जाति जनगणना

और आरक्षण के चैम्पियन बनने लगे हैं। लेकिन अमेरिका में उनकी बातों से उनकी पार्टी का छिपा हुआ एजेंडा जाहिर हो गया।

आरक्षण पर दिए उनके बयान का दूसरा पहलू यह था कि भारत एक फेयर प्लेस' नहीं है। यहां भेदभाव होता है और समानता नहीं है। क्या यह भारत के समाज को बांटने वाली बात नहीं है? क्या राहुल गांधी भारत के संविधान को नहीं मानते हैं? भारत का संविधान नागरिकों के बीच समानता के सिद्धांत पर आधारित है। वह हर नागरिक को अवसर की समानता का अधिकार देता है। इसी सिद्धांत में अपवाद बना कर एफर्मेटिव एक्शन' लिए गए हैं यानी आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है। इसके बावजूद अगर किसी स्तर पर असमानता है तो उसके लिए दोषी कौन है? क्या 60 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पर इसकी जवाबदेही नहीं आती है? अगर कहीं असमानता है तो क्या राहुल गांधी के पूर्वजों की गलत नीतियों की वजह से नहीं है?

और क्या यह सचाई नहीं है कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश में हर किस्म की असमानता मिटाने और सभी जातीय, धार्मिक व आर्थिक समूह के लोगों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम किया है? परंतु राहुल गांधी को भारत का अपमान करना था। भारत के बारे में बुरी बातें कहनी थीं। वे समझते हैं कि इससे वे प्रधानंमत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा का अपमान कर रहे हैं, लेकिन असल में वे भारत का अपमान करते हैं। पहले वे एक सांसद के नाते विदेश जाते थे और इस तरह की बातें करते थे परंतु इस बार तो वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नाते विदेश गए थे। वे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति हैं और देश के राजदूत के रूप में उनका आचरण होना चाहिए था। लेकिन अफसोस की बात है कि वे अपने छोटे छोटे राजनीतिक पूर्वाग्रहों से ऊपर नहीं उठ सके।

उनकी दूसरी बात और भी खतरनाक थी। उन्होंने सिखों के मन में डर पैदा हो जाने की बात कही। यह बात कितनी खतरनाक है इसका अंदाजा इससे लगता है कि सिख फॉर जस्टिस' नाम से संगठन बनाने वाले अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने उनकी बात का समर्थन किया। राहुल की इस बात से पहले सवाल तो यही उठता है कि क्या नैतिक रूप वे ऐसी स्थिति में हैं कि इस तरह के बयान दे सकें? उनकी दादी इंदिरा गांधी की सरकार ने ऑपरेशन ब्लूस्टार के रूप में सिखों को सबसे बड़ा घाव दिया था और उनके पिता राजीव गांधी की सरकार के समय दिल्ली में सिखों का नरसंहार हुआ था।

उनकी पार्टी के ही नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पिछले दिनों राहुल के बचाव में उतरे तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय सिखों के सबसे पवित्र स्वर्ण मंदिर पर हमला' हुआ था। यह भी सबको पता है कि सिख नरसंहार के समय उसको न्यायसंगत ठहराते हुए राजीव गांधी ने कहा था कि बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है।

सिखों के प्रति इस तरह का भाव रखने वाले लोग विदेश जाकर उनके लिए घडिय़ाली आंसू बहा रहे हैं, इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है! लेकिन इस बयान के लिए राहुल की बुद्धि पर अफसोस करने की बजाय यह समझने की जरुरत है कि उन्होंने ऐसा विभाजनकारी बयान क्यों दिया? उनका बयान खालिस्तान की मांग करने वाले अलगाववादियों के तुष्टिकरण वाला है। यह बहुत खतरनाक बयान है। ध्यान रहे पंजाब में 2017 के चुनाव के समय आम आदमी पार्टी पर अलगाववादियों से मिलीभगत के आरोप लगे थे। बाद में 2022 में कट्टरपंथी ताकतों के समर्थन से आप ने कांग्रेस को हरा कर पंजाब में सरकार बना ली। तभी ऐसा लग रहा है कि राहुल गांधी आप से ज्यादा कट्टरपंथी राजनीति कर रहे हैं ताकि पंजाब में सत्ता हासिल की जा सके। इसके लिए वे देश की एकता, अखंडता को दांव पर लगाने के लिए भी तैयार हैं।

नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहली विदेश यात्रा पर गए राहुल गांधी ने वॉशिंगटन में रेबर्न हाउस में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इसमें अमेरिका की विवादित कांग्रेस सदस्य इल्हान उमर भी शामिल थीं। अब ऐसा नहीं हो सकता है कि राहुल और उनकी टीम को, खास कर ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को इल्हान उमर के बारे में जानकारी नहीं हो। वे भारत विरोधी बयानों और विचारों के लिए जानी जाती हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अमेरिका के दौरे पर गए और अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित किया तो इल्हान उमर से उसका बहिष्कार किया था। वे पाकिस्तान सरकार के खर्चे पर पाकिस्तान के दौरे पर गई थीं और पाक अधिकृत कश्मीर का भी दौरा किया था। इल्हान ने पाक अधिकृत कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताया था। भारत ने इसका विरोध किया था और कड़ा प्रतिवाद दर्ज कराया था।

भारत व कनाडा के कूटनीतिक तनाव के समय भी उन्होंने भारत विरोधी रुख अख्तियार किया था। वे एनआरसी के विरोध में बोलती हैं। क्वाड के विरोध में बोलती हैं। दुनिया में शायद ही कोई और विदेशी राजनेता होगा, जिसका भारत के मामले में इतना नफरत भरा रवैया होगा। लेकिन राहुल गांधी उनसे भी मिले। ऐसा लग रहा है कि राहुल ने भारत विरोधी ताकतों से मेलजोल रखना अपनी आदत बना ली है। पहले भी जॉर्ज सोरोस के करीबियों से राहुल की मुलाकातों को लेकर विवाद हुए थे।

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कीर्तिमान रचता मध्यप्रदेश

वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों के अनुकूल पर्यावरण संरक्षित प्रदेश बनने में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नये कीर्तिमान रचने जा रहा है। वर्ष 2012 में प्रदेश की लगभग 500 मेगावॉट नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता थी। वर्तमान में कुल क्षमता बढक़र 7 हजार मेगावॉट हो गयी है, जो कि विगत 12 वर्षों में लगभग 14 गुना बढ़ी है। राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढक़र 21 प्रतिशत हो गयी है। राज्य सरकार की नवकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता को वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 20 हजार मेगावॉट करने की योजना है। आज प्रदेश में मौजूद रीवा और ओंकारेश्वर जैसी विश्व–स्तरीय सौर परियोजनाएँ देश में राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प और इच्छा–शक्ति का गौरव–गान कर रही हैं।

मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार करने में अग्रणी रहा है। रीवा सोलर प्रोजेक्ट 1590 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित है। यह विश्व के सबसे बड़े सिंगल साइड सौर संयंत्रों में से एक है। इस प्रोजेक्ट के क्रिय़ान्वयन को एक आदर्श के रूप में पहचान मिली है। परियोजना से उत्पादित ऊर्जा का 76 प्रतिशत अंश पावर मैनेजमेंट कम्पनी उपयोग कर रही है। पहली बार ओपन एक्सेस से राज्य के बाहर दिल्ली मेट्रो जैसे व्यावसायिक संस्थान को उत्पादित बिजली का शेष 24 प्रतिशत अंश भी प्रदान किया जा रहा है। इससे प्रतिवर्ष 15.7 लाख टन कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन को रोका जा रहा है, जो 2 करोड़ 60 लाख पेड़ लगाने के बराबर है। प्रोजेक्ट को गवर्मेंट ऑफ इण्डिया की "नवाचार की पुस्तकः नई शुरुआत"वर्ष 2017 में शामिल किया गया। रीवा सोलर प्रोजेक्ट को हार्वर्ड विश्वविद्यालय और सिंगापुर मैनेजमेंट विश्वविद्यालय में केस स्टडी के रूप में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस प्रोजेक्ट को वर्ल्ड बैंक प्रेसीडेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसे नवाचार के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये भी चयनित किया गया है। यह प्रोजेक्ट पारम्परिक कोयला आधारित बिजली से कम दरों पर सौर ऊर्जा प्राप्त करने वाली भारत की पहली परियोजना है।

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए मध्यप्रदेश में वर्तमान में आगर–शाजापुर–नीमच में 1500 मेगावॉट क्षमता का सोलर पार्क निर्माणाधीन है। इसमें आगर जिले की 550 मेगावॉट की क्षमता स्थापित की जा चुकी है। शाजापुर एवं नीमच जिले की 780 मेगावॉट क्षमता अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर ली जायेगी। इसके अतिरिक्त मंदसौर में 250 मेगावॉट का सोलर पार्क तैयार किया गया है। इससे उत्पादित ऊर्जा मध्यप्रदेश की वितरण कम्पनियों द्वारा क्रय की जा रही है।

प्रदेश की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के तट पर बसे ओंकारेश्वर में विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट (पानी पर तैरने वाली सौर परियोजना) विकसित किया जा रहा है। इसकी क्षमता 600 मेगावॉट है। इससे बहुमूल्य भूमि की बचत होगी। पैनल से पानी की सतह को ढंकने से वाष्पीकरण द्वारा होने वाले जल की हानि को कम किया जा सकेगा। परियोजना की स्थापना से कोई विस्थापित नहीं होगा। पैनल्स की सफाई के लिये भूमिगत जल की आवश्यकता भी नहीं रहेगी। ओंकारेश्वर प्रोजेक्ट की प्रथम चरण में 200 मेगावॉट क्षमता स्थापित हो चुकी है। कुल 3900 करोड रुपए की लागत से संपूर्ण 600 मेगावॉट की क्षमता स्थापित होने पर यह 12 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी और वर्ष 2070 तक भारत सरकार के शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन मिशन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। उक्त परियोजना जल वाष्पीकरण को कम करके जल संरक्षण में भी सहायक होगी।

प्रदेश को नवकरणीय ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने के अतिरिक्त देश के उन राज्यों, व्यवसायिक संस्थानों को भी नवकरणीय ऊर्जा आपूर्ति हेतु प्रयासरत हैं, जहाँ इसकी उपलब्धता कम है अथवा आवश्यकता है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे इन सभी प्रयासों के माध्यम से प्रदेश को "हार्ट ऑफ इंडिया" के साथ साथ "लंग्स आफ इंडिया" तैयार करने का विजन रखा गया है।

सुरक्षा और विकास के मोर्चे पर छत्तीसगढ़ सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों के हित में ठोस कदम उठा रही है। दूरस्थ और पिछड़े वनांचल इलाकों में मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अलावा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का काम तेजी से हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं जिनके जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव से जन–जीवन जीवन बदल रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर नियद नेल्लानार योजना से आज आदिवासी परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण आई है। इस योजना में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के गांवों का चयन कर शासन के 12 विभागों की 32 कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल–पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधनों का विकास किया जा रहा। दूरस्थ आदिवासी इलाकों से अयोध्या धाम तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री साय की पहल पर भारत सरकार ने हरी झंडी दे दी है। सडकों के विकास को लेकर भी लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे आदिवासी अंचलों तक आवाजाही आसान हुई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय भी लिया, जिसका लाभ बड़ी मात्रा में आदिवासी अंचलों के जरूरतमंद रहवासियों को मिल रहा है। तेंदूपत्ता वनवासियों की आजीविका का मजबूत स्त्रोत है, इससे होने वाली आमदनी को बढ़ाते हुए सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा किया, जिसका लाभ चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार से अधिक संग्राहकों को मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही चरण पादुका योजना भी शुरू करने जा रही है, इसके साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा। सुरक्षा और विकास के दोहरे मोर्चे पर काम करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज अनुपात के हिसाब से छत्तीसगढ़ का बस्तर देश में सबसे सैन्य संवेदनशील क्षेत्र बन चुका है, बस्तर डिवीजन में प्रत्येक 9 नागरिकों के पीछे एक पैरामिलिट्री का जवान है। जल्द ही इन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के 250 से ज्यादा कैम्प और नियद नेल्लानार से 58 नए कैम्प स्थापित होंगे ताकि सडक़, स्कूल, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का दायरा बढ़ सके।

शोभिता धुलिपाला की लव सितारा का ट्रेलर रिलीज, आधुनिक रिश्तों पर आधारित है फिल्म

वंदना कटारिया के निर्देशन में बनी फिल्म लव सितारा को जी5 पर डायरेक्ट–टू–ओटीटी रिलीज मिल गई है। शोभिता धूलिपाला और राजीव सिद्धार्थ अभिनीत यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी के साथ लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार है, जिसमें हाईवोल्टेड ड्रामा, शादी में अशांति और रहस्य शामिल हैं। रिलीज से पहले, निर्माताओं ने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म लव सितारा का ट्रेलर रिलीज हो गया। 27 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर प्रीमियर के लिए तैयार इस फिल्म की कहानी तारा (शोभिता धूलिपाला) के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक स्वतंत्र

इंटीरियर डिजाइनर हैं। दूसरी ओर अर्जुन (सिद्धार्थ) एक भावुक शेफ हैं और अंतरराष्ट्रीय सफलता के शिखर पर पहुंच चुके हैं। ट्रेलर के अनुसार, लव सितारा प्यार, स्वीकृति और क्षमा की एक सम्मोहक कहानी प्रस्तुत करती है। कहानी तब और सघन हो जाती है जब अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण तारा और अर्जुन दो पूरी तरह से अलग लोगों के बीच जल्दबाजी में शादी का प्रस्ताव आता है। फिल्म आधुनिक रिश्तों की चुनौतियों, पारिवारिक अपेक्षाओं और असुविधाजनक वास्तविकताओं का सामना करने के लिए आवश्यक साहस की पड़ताल करती है। शोभिता ने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, इस मधुर और विनम्र पारिवारिक ड्रामा को प्रस्तुत करते हुए हमने केरल में कोविड लॉकडाउन के दौरान कुछ बहुत ही अनोखी चुनौतियों का सामना करते हुए शूट किया।

विजय की गोट तोड़ेगी कमल हासन की विक्रम का रिकॉर्ड

विजय थलापति की सेकेंड लास्ट फिल्म ग्रेटेस्ट ऑल ऑफ टाइम ने बॉक्स ऑफिस पर 13 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म गोट ने 12वें दिन 400 करोड़ रुपये के क्लब में एट्री की थी. अब फिल्म की 13 वें दिन की कमाई में उछाल देखने को मिला है. बीती 5 सितंबर को रिलीज हुई गोट अभी भी दर्शकों को थिएटर में खींच रही है. फिल्म ने हाल ही में पहले घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री की थी.

सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 13 वें दिन 12वें दिन के मुकाबले ज्यादा कमाई की है. गोट ने 12वें दिन 6.50 करोड़ रुपये और 13वें दिन 6.94 करोड़ रुपये का कारोबार किया है.

रहमानुल्लाह गुरबाज ने शतक जड़कर रचा इतिहास

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार शतक जड़ा। यह गुरबाज का वनडे करियर का सातवां शतक रहा। इस शतक की बदौलत वह अफगानिस्तान की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। गुरबाज ने मोहम्मद शहजाद को पीछे छोड़ा।

अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच शारजहां में आयोजित है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अफगान टीम ने 88 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवाया। इसके बाद गुरबाज और रहमत शाह ने पारी को संभाला। इस दौरान गुरबाज ने अपना सातवां वनडे शतक जड़ा।

42वें मैच में हासिल की उपलब्धि

गुरबाज ने 107 गेंद का सामना करते हुए अपना

शतक पूरा किया। इस दौरान 10 चौके और 3 छक्के जड़े। गुरबाज ने मार्करम के ओवर में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। गुरबाज ने 42वें वनडे मैच की 42वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया। इस शतक की मदद से वह अफगानिस्तान की तरफ से वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।

अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा वनडे शतक

रहमानुल्लाह गुरबाज– 7

मोहम्मद शहजाद–6

इब्राहीम जादरान–5

रहमत शाह– 5

करीम सादिक–2

नवरोज मंगल–2

मोहम्मद नबी–2

नंद्रे बर्गर ने किया आउट

रहमानुल्लाह गुरबाज ने आउट होने से पहले 110 गेंद पर 105 रन की पारी खेली। साथ ही रहमत शाह के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 102 गेंद पर 101 रन की साझेदारी की। नंर्दे बर्गर ने गुरबाज को क्लीन बोल्ड कर साउथ अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। मैच के दौरान गुरबाज को पीठ की समस्या से जूझते हुए देखा गया।

द बकिंघम मर्डर्स की हालत हुई खराब, लाखों कमाने में भी छूट रहे पसीने

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. इस फिल्म से काफी उम्मीदें थी लेकिन इसकी शुरुआत बेहद ठंड़ी रही. हालांकि वीकेंड पर फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी भी देखी गई लेकिन अब वीकड़ेड में ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लुढक़ चुकी है और मुश्किल से कमाई कर रही है. चलिए यहां जानते हैं द बकिंघम मर्डर्स ने रिलीज के पांचवें दिन .यानी पहले मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?



क्राइम थ्रिलर द बकिंघम मर्डर्स मां करीन कपूर खान ने लीड रोल प्ले किया है. फिल्म में उनकी जबरदस्त एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है लेकिन द बकिंघम मर्डर्स बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनकर परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म की ओपनिंग बेहद खराब रही थी इसके बाद भी ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर पाई. दरअसल फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच नहीं पा रही है. वहीं पिछले पांच हफ्तो से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही स्त्री 2 भी द बकिंघम मर्डर्स को टिकने नहीं दे रही है. जिसके चलते रिलीज के पांच दिन बाद भी करीना की ये फिल्म 10 करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई है. वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने पहले दिन 1.15 करोड़, दूसरे दिन 1.95 करोड़,तीसरे दिन 2.15 करोड़ और चौथे दिन 80 लाख की कमाई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलव की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द बकिंघम मर्डर्स ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को 75 लाख की कमाई की है. इसके बाद द बकिंघम मर्डर्स का 5 दिनों का कुल कलेक्शन अब 6.80 करोड़ रुपये हो गया है.

दो भारतीय खिलाड़ियों से डर गया है ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज?

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि आगमी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उनकी टीम युवा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के खिलाफ रणनीति तैयार करने पर अधिक ध्यान देगी। क्योंकि उनकी टीम ने युवा बल्लेबाजों के खिलाफ काफी कम क्रिकेट खेला है। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। यशस्वी और गिल पिछले कुछ समय में भारत के शीर्ष बल्लेबाज बन कर उभरे हैं। हेजलवुड ने एक कार्यक्रम में कहा, हमारी रणनीति संभवतः उन नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित है जिनके खिलाफ हमने ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, जैसे यशस्वी जायसवाल और यहां तक कि शुभमन

गिल के खिलाफ भी हमने कम खेला है।

'बुनियादी बातों का रखा जाएगा ध्यान'

हेजलवुड ने आगे कहा, हमने वर्षों तक विराट कोहली, रोहित शर्मा और अन्य के खिलाफ काफी खेला है, इसलिए हम जानते हैं कि क्या करना है। हमारी योजना वास्तव में ज्यादा नहीं बदलती है। यह बुनियादी बातों के बारे में है। हम लंबे समय से उनका सामना कर रहे है।

परिस्थितियों का रखा जाएगा खास ध्यान

हेजलवुड ने कहा कि जब बुनियादी चीजें सही करने की बात आती है तो ऑस्ट्रेलिया बहुत कम लड़खड़ाता है। उन्होंने कहा कि हम आम तौर 10 में से नौ बार अपनी योजनाओं पर कारगर रहते है। टेस्ट क्रिकेट में हालांकि परिस्थितियों के अनुसार ढलना होता है। पूरे दिन या पारी में चीजें बदलती रहती है। हमारी कोशिश योजनाओं को क्रिय़ान्वित करने की होती है।

एक नजर

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 26 से

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से 26 सितंबर से अंतरविद्यालय सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष पीएल खंतवाल ने बताया कि प्रतियोगिता आदर्श राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के सभागार में होगी। प्रत्येक वर्ष संगठन की ओर से विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता करवाई जाती है।

दामोदर प्रसाद बनें अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड़ में शिक्षक अभिभावक एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान दामोदर प्रसाद को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।

कार्यकारिणी में प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल को उपाध्यक्ष, मदन राम को कोषाध्यक्ष, नीरज कुमार कमल को सचिव चुना गया। कार्यकारिणी में सदस्य की जिम्मेदारी शशि रावत, पार्वती देवी, अनीता देवी, आशा देवी, अंबिका देवी, मेहताब, देवेश्वरी, मुमताज को बनाया गया। इस मौके पर प्रकाश चंद्र, अरविंद कुमार, विनोद ध्यानी, राजेंद्र कुमार भंडारी, अनीता राणा आदि मौजूद रहे।

प्राचीन सुरंगो के संरक्षण की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : देवलगढ़ क्षेत्र सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास समिति ने देवलगढ़ मंदिर में स्थित प्राचीन सुरंगो, गुफाओं के संरक्षण और और विकास की मांग की है। समिति ने शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही मंदिर में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक सुरंगों का विकास करने व श्रद्धालुओं के लिए व्यू प्वाइंट बनाने की मांग की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कुंजिका प्रसाद उनियाल, महासचिव राजेश कुमार, संरक्षक नरेंद्र सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे।

सड़कों को ठीक करने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : क्षेत्र पंचायत सदस्य सांक्रौ डॉ. प्रताप भंडारी ने चौरास क्षेत्र में परियोजना के अधीन सड़कों को ठीक कराने की मांग उठाई है। उन्होंने इस संदर्भ में एसडीएम को ज्ञापन भेजा है। भंडारी ने प्रशासन से जल्द सड़क ठीक कराने की मांग की है। परियोजना के निदेशक संतोष रेड्डी का कहना है कि यह आम रास्ता नहीं है ना ही कोई मोटरमार्ग है। यह पावर चैनल का तटबंध है। उक्त भूमि परियोजना की है तथा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है। इस संदर्भ में पावर चैनल में जगह–जगह साइन बोर्ड भी चस्पा किये गये हैं। (एजेंसी)

पीएलबी समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर कानूनी सहायता दें

चमोली : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के सभागार में प्रवासन एवं शरण परियोजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला न्यायाधीश धर्म सिंह व जिला बार संघ अध्यक्ष भारत सिंह रावत द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी को गुणवत्तायुक्त कानूनी सहायता आम जनमानस को उपलबध कराने के उद्देश्य से दी जा रही है उन्होंने पीएएलबी को समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर तरीके से कानूनी सहायता उपलब्ध निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छवि बंसल, न्यायिक मजिस्ट्रेट लेबल कुमार सहित अधिवक्ता गण मौजूद रहे। (एजेंसी)

विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

चमोली : प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शीतकालीन संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं शुक्रवार से शुरू हो गई हैं। हंसकोटी संकुल में क्रीड़ा प्रतियोगितों का शुभारंभ सीएमसी अध्यक्ष जयपालसिंह नेगी ने किया। इस अवसर पर जूनियर बालक वर्ग की 600 मीटर दौड़ में खैनोली के कृष्णा रावत ने प्रथम तथा माल के ऋषभ बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर की दौड़ में प्रेम तथा 100 मीटर की दौड़ में दिव्यांशु प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह 200 मीटर दौड़ में मृदुल तथा 400 मीटर दौड़ में जयदीप प्रथम रहे।

लोकतांत्रिक तरीके से चले जीएमओयू एसोसिएशन

जीएमओयू बचाओ संघर्ष समिति ने पत्रकारों से की वार्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जीएमओयू बचाओ संघर्ष समिति ने जीएमओयू ऐसोसिएशन को लोकतांत्रित तरीके से चलवाने की मांग की है। कहा कि पूर्व में मतदान से पदाधिकारियों का चयन किया जाता था। लेकिन, वर्तमान में कुछ लोग अपने मनमनर्जी से एसोसिएशन को चला रहे हैं। यदि जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो समिति दोबारा चक्काजाम को मजबूर होगी।

कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते जीएमओयू बचाव संघर्ष समिति के सदस्य

पत्रकारों से वार्ता करते हुए जीएमओयू बचाओ संघर्ष समिति ने यह बात कही। समिति के सदस्य महावीर सिंह रावत ने कहा कि पूर्व पदाधिकारियों ने कई संघर्ष कर कंपनी को खड़ा किया। एक समय था जब निजी परिवहन के क्षेत्र में जीएमओयू सबसे बड़ी कंपनी थी। लेकिन, आज कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए कंपनी को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है। आज कंपनी आर्थिक नुकसान से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रह गई है और समिति निष्पक्ष चुनाव की मांग कर रही है। कहा कि कंपनी से हटाए गए वाहनों के कारण वाहन स्वामियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। भुवनेश नैथानी ने कहा कि वह लगातार कंपनी में हो रही अनियमिता का विरोध कर रहे थे। जिस पर उनके वाहनों को कंपनी से बाहर कर दिया गया। सदस्यों ने कहा कि कुछ दिन पूर्व उनकी प्रशासन से हुई वार्ता में प्रशासन ने एक माह के भीतर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। कहा कि यदि एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण न हुआ तो समिति पुनः चक्काजाम को बाध्य होगी। इस मौके पर अर्जुन सिंह, गजे सिंह, संजय बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

धोखाधड़ी में फरार आरोपी गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : फर्जी दस्तावेज बनाकर भूमि बेचने के मामले फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 29 अप्रैल 2024 को स्थानीय निवासी लीला देवी ने कोतवाली कोटद्वार में मकबूल और दुर्गा देवी द्वारा उनके फर्जी हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी से उनकी भूमि को बेचने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश आरंभ कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने सर्विलांस और मुखबिर की मदद से उपरोक्त अभियोग में संलिप्त और वांछित आरोपी मकूबल अहमद उर्फ भुट्टो पुत्र मौ. याकूब, निवासी गंगादत्त जोशी मार्ग कोटद्वार और दुर्गा देवी पत्नी स्व. सोमवीर, निवासी गिवई सोत कोटद्वार को कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

बालक वर्ग में अंकुश व बालिका वर्ग में सोनाक्षी रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड द्वारीखाल की विकासखंड स्तरीय शरद/शीतकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता शुक्रवार से प्रारंभ हो गई है। पहले दिन बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर बालक वर्ग की सौ मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय खरीक के अंकुश व बालिका वर्ग में शिशु मंदिर डाडामंडी की सोनाक्षी चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा, खंड शिक्षा अधिकारी डा. सुरेंद्र सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। ब्लाक प्रमुख ने विद्यार्थियों को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान सौ मीटर दौड़ बालक जूनियर वर्ग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खरीक के अंकुश, मार्डन पब्लिक स्कूल के कृष रावत व राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुयालगांव के रोशन सिंह ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर दौड़ के बालिका वर्ग में शिशु मंदिर डाडामंडी की सोनाक्षी चौधरी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुलालगांव की निधि व प्राथमिक विद्यालय बमोली की मोहिता ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता देवी, राजमोहन सिंह नेगी, यशपाल सिंह, चंद्रमोहन सिंह चौधरी, अर्जुन सिंह नेगी, जितेंद्र सिंह गुसाईं, मुन्नी देवी, नीलम देवी, सुनीता देवी, प्रभाकर डोबरियाल, किरन देवी, राजेश बिष्ट, संजीव जुयाल, दीपक बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

खतलिंग को सवारनें की जरूरत : सेमवाल

श्रीनगर गढ़वाल : भिलंगना ब्लॉक के सीमांत घुत्तू-भिलंग स्थित नवजीवन आश्रम इंटर कॉलेज घुत्तू भिलंग में विश्व प्रसिद्ध 40वां खतलिंग हिमालय जागरण यात्रा महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम में स्व. इंद्रमणि बडोनी को याद कर उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। शुक्रवार को समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि दिनेश सेमवाल ने कहा कि स्व. बडोनी उत्तराखंड के गांधी ही नहीं बल्कि एक शेर थे जिन्होंने पृथक उत्तराखंड के लिए जो लड़ाई लड़ी उसका ऋण हम कभी नहीं चुका सकते हैं।

उन्होंने कहा कि खतलिंग भी अमरनाथ धाम से कम नहीं है जरूरत है इसे संवारने की। इस मौके पर आरएसएस के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल, वीरेंद्र सेमवाल, सूर्य प्रकाश सेमवाल, इंद्रमणि बडोनी कला मंच के अध्यक्ष लोकेंद्र दत्त जोशी, तेजराम सेमवाल, बचल सिंह रावत, बालकृष्ण नौटियाल, नारायण लाल शाह, कुंवर सिंह रावत, भरत सिंह नेगी, गोविंद बडोनी, भजन, कमल नयन सेमल्टी, सोहन लाल रतूड़ी, कुलदीप फोंदणी, नित्यानंद कोठियाल, समण सिंह, सोहन लाल रतूड़ी, वीर सिंह राणा, शिव सिंह राणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

छात्रम छात्र संगठन ने घोषित किए प्रत्याशी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर छात्र संघ चुनाव 2024-25 के लिए छात्रम छात्र संगठन ने उपाध्यक्ष पद पर अमन काला को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। शुक्रवार को संगठन की ओर से निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई। छात्रम छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत गैरोला, निवर्तमान उपाध्यक्ष रुपेश नेगी ने प्रत्याशी के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि छात्रम छात्र संगठन लगातार छात्र हितों को लेकर विवि में संघर्ष करता आ रहा है। परिणाम स्वरूप छात्रों ने संगठन पर अपना विश्वास जताया और संगठन के प्रत्याशियों को उपाध्यक्ष पद पर छः बार जीत दिलाई है। कहा कि संगठन द्वारा स्टूडेंट मेल आईडी, डिजिटल फीस जमा करने, रीडिंग रूम की सुविधा सहित विभिन्न काम किये गये हैं। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन काला ने बताया कि वह विवि के भीतर शैक्षणिक माहौल को बेहतर करने, चौरास परिसर में स्टेशनरी खोलने, नये कोर्स खोलने सहित छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर काम करेंगे।

डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एकेश्वर मोटरमार्ग पर राजस्व क्षेत्र चौंदकोट के पास शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। डंपर और बाइक की भिड़ंत होने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक पालीटैक्निक कालेज सतपुली का छात्र था। घटना के बाद से डंपर चालक फरार बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और तहसील प्रशासन ने घटना की जांच की।

राजस्व निरीक्षक वेद प्रकाश पटवाल ने बताया कि लैंसडौन क्षेत्र के घोड़ी गांव का वृजमोहन पुत्र विजय ग्वाड़ी संगलाकोटी की तरफ जाते हुए सतपुली की ओर आ रहे डंपर की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राजस्व क्षेत्र होने के चलते घटना की जांच में तहसील प्रशासन जुटा हुआ है। परिजनों को सूचना देने के बाद पंचनामे की कार्रवाई कर मृतक के शव को पीएम के लिए कोटद्वार भेज दिया गया है। बताया कि घटना के बाद से डंपर चालक फरार है। जिसकी तलाश तेज कर दी गई है।

ब्लॉक स्तरीय शरद एवं शीतकालीन खेल प्रतियोगिता शुरू

अक्षत व रितिका दौड़ी सबसे तेज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में दुगड्डा ब्लाक की शरद एवं शीतकालीन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान बालक वर्ग छह सौ मीटर में अक्षत व बालिका वर्ग में रितिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा, उप शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज कई बच्चे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मेहनत करने वाले व्यक्ति को एक दिन अवश्य ही सफलता मिलती है। इस दौरान छह सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग अक्षत रावत, हिमांशु रावत, सचिन, बालिका वर्ग में रितिका, अंजली, सिमरन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग दो सौ मीटर बालिका वर्ग में रितिका, आकृति, साक्षी, चार सौ मीटर बालक वर्ग में श्याम, अर्पण, अक्षत ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर उप शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद, कनिष्ठ प्रमुख अशोक रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंदन सिंह, रूपेंद्र नेगी, अरुण कुकरेती, संतोष भंडारी, राजेश बलोदी, नफीस अहमद, महेश कुकरेती, सुरदीप गुसाईं आदि मौजूद रहे।

राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का परिचय लेती ब्लॉक प्रमुख

तीरंदाजी प्रतियोगिता में हैप्पी होम ने लहराया परचम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : हैप्पी होम स्क्कूल कोटद्वार के विद्यार्थियों ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में परचम लहराया है। यह प्रतियोगिता दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर उत्तराखंड में आयोजित की गई थी।

सीबीएसई नार्थ जोन आर्चरी तीरंदाजी प्रतियोगिता में हैप्पी होम स्कूल, कोटद्वार के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी भंडारी ने बालिकाओं की अंडर-14 व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं, दूसरी ओर विद्यालय की छात्रा अनन्या बिष्ट ने बालिकाओं की अंडर-17 व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दिव्यांशी भंडारी व रुद्रांश भंडारी ने अंडर-14 की मिश्रिम रिकर्व टीम प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय की निर्देशिका उषा सिंह, प्रधानाचार्य शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

विद्यालय में मौजूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी

शुभि खंडेलवाल को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लैंसडौन की बेटी शुभि खंडेलवाल को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। शुभि ने मध्य प्रदेश के समस्त शासकीय विश्व विद्यालयों में राज्य स्तर पर स्नातक विज्ञान संकाय में टॉप किया था। राष्ट्रपति ने उन्हें दो स्वर्ण व एक रजत पदक दिया।

इंदौर के देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुभि को दो स्वर्ण व एक रजत पदक देकर सम्मानित किया। शुभि खंडेलवाल ने सेंट जोंस कान्वेंट स्कूल लैंसडौन से अपनी शुरुआती शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद शुभि आर्मी पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत रहीं। बचपन से होनहार रही शुभि का पसंदीदा विषय बायो टेक्नोलॉजी रहा। आगे की शिक्षण ग्रहण करने के लिए वह मध्य प्रदेश के इंदौर चली गई।

दो भाई-बहनों में बड़ी शुभि ने सॉफ्टविजन कॉलेज में दाखिला लेकर मध्य प्रदेश के समस्त शासकीय विश्वविद्यालयों में स्नातक विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक हासिल कर उत्तराखंड व लैंसडौन नगर का मान बढ़ाया। इससे पूर्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शुभि को सम्मानित कर चुके हैं। शुभि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम लता असवाल गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरी पत्नी का सही व वास्तविक नाम लता देवी है। अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का सही व वास्तविक नाम लता देवी लिखा/पढ़ा जाय।

आर्मी नंबर JC573312F
NB/SUB संजय सिंह पुत्र भरत सिंह निवासी घमण्डपुर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
(0452/21)

लोनिवि में टेंडर डालने से ठेकेदारों में आक्रोश

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी में शुक्रवार को हड़ताल के बावजूद कुछ ठेकेदारों द्वारा टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेने का ठेकेदारों ने विरोध किया। कुछ ठेकदारों द्वारा टेंडर डाले जाने पर हड़ताल पर चल रहे ठेकेदार भड़क गए। विरोध के बाद निविदा डालने वाले ठेकेदारों को प्रक्रिया से हटना पड़ा।

शुक्रवार को लोनिवि निर्माण खंड और आरईएस विभाग में कुछ ठेकेदारों ने हड़ताल के बावजूद ऑन लाइन टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया। जिस पर ठेकेदार समिति ने कड़ी नाराजगी जताई। मौके पर ही ठेकेदारों के विरोध के बाद निविदा में हिस्सा लेने वाले ठेकेदारों ने अपनी निविदाएं वापस लेनी पड़ी।

समिति के अध्यक्ष संतन सिंह ने कहा कि सभी ठेकेदार निविदाओं का विरोध कर रहे है। ऐसे में किसी भी विभाग की टेंडर प्रक्रिया में ठेकेदार हिस्सा नहीं ले रहे है। ठेकेदारों की मांग पर कोई कदम नहीं उठाएं जाने से नाराज ठेकेदार 23 सितंबर को पौड़ी में महारैली निकाल रहे है। ऐसे में यदि कोई ठेकेदार हड़ताल के बावजूद निविदा प्रक्रिया में हिस्सा लेता है तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

सिलाई प्रशिक्षण संपन्न, प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : विकासखंड थलीसैंण के ग्राम सभा ग्वारी के उड़ेली गांव में चल रहा 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। 20 महिलाओं ने सिलाई प्रशिक्षण लिया। मुख्य अतिथि आशाराम पोखरियाल ने कहा कि महिलाएं इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाएं। स्वरोजगार से जुड़ने से परिवार की आमदनी बढ़ती है, आत्मनिर्भर के लिए परिश्रम ही एक माध्यम है। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिनेश चौहान ने कहा कि महिलाएं इस व्यवसाय से जुड़कर स्वालंबी बन सकती हैं, सिलाई के क्षेत्र में स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं साथ ही अपने परिवार का जीवन स्तर को सुधार सकते हैं। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी और मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर रोशनी रावत, प्रदीप कुमार, श्रीमती विनीता नेगी आदि मौजूद थे।

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् जूनियर सिविल जज महोदय कोटद्वार गढ़वाल
दि0वा0सं0 9 सन् 2024
रेखा देवी बनाम आम जनता आदि

नोटिस बनाम - आम व खास

चूंकि प्रार्थिनी द्वारा इस न्यायालय में अपने पति हरी सिंह की मृत्यु घोषणात्मक आज्ञप्ति हेतु एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत योजित किया है जिस पर जवाबदेही की तिथि 04/10/24 नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बावत कोई आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को ठीक दस बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं/मार्फत अधिवक्ता उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा उक्त वाद में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 02-09-2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से
न्यायालय सिविल जज क0ख0
कोटद्वार गढ़वाल
(0453/14)

लोगों को न स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न किसी और को फैलाने दें : विधायक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद के सभी विकासखंड मुख्यालयों में स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली गई। स्वच्छता अभियान रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवियों, नेहरू युवा केंद्र, व्यापार सभा पौड़ी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। इस दौरान उन्हें स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। शुक्रवार को जनपद के सभी विकासखंड मुख्यालयों में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। जनपद मुख्यालय के कंडोलिया मैदान में स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने वहां उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उसके बाद उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को न स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न किसी और को फैलाने देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक स्वच्छ कचरा मुक्त ग्रह बना सकते हैं इससे आपके आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रहता है। कहा कि स्वच्छ घर होने से गांव स्वच्छ होगा तो सामाजिक माहौल सुधरेगा। यदि गांव साफ सुथरा होगा तो कई गंभीर रोगों से छुटकारा भी मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर को शुरू हुआ और 2 अक्टूबर तक युद्ध स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया जाना है। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी, परियोजना प्रबंधक स्वजल दीपक रावत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौड़ी गौरव भसीन सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

पर्यावरण मित्रों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बेस चिकित्सालय एवं उपजिला चिकित्सालय श्रीनगर के चिकित्सकों द्वारा पर्यावरण मित्रों एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

नगर निगम स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक शशि पंवार ने बताया कि शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आंख, नाक, कान, त्वचा आदि की जांच की गई। इस मौके पर डॉ. श्वेता, डॉ. मी. जिशान, डॉ. मनीषा, डॉ. तन्वी, डॉ. स्वाति, डॉ. प्रद्युम्न, डॉ. शुभम बंगवाल, डॉ. रक्षिता रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमन्त्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या	175-DRM-MB-24-25 Dt : 18.09.2024
कार्य का नाम	Providing 4G GPS tracker based personal tracking device with 4G (M2M) SIM, along with operation & maintenance for a period of 2 years over Moradabad Division.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक	15.10.2024
टेन्डर क्लोसिंग समय	16:00 hrs
अनुमानित लागत	78,42,331.63
धरोहर राशि	1,56,900.00
टेन्डर फार्म की लागत	Nil
कार्य पूर्ण करने की अवधि	24 Months
बिडिंग आरंभ तिथि	01.10.2024

टेन्डर नं. 75-W/2/3/WA/DEN/Track/T.Notice दिनांक : 19.09.2024 2927/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

चमोली : नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बीते बुधवार को एक व्यक्ति ने कोतवाली चमोली पर आकर सूचना दी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ 20 वर्षीय युवक ने जून माह में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया है। और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली चमोली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी सर्वेश पंवार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। (एजेंसी)

डीएम संदीप तिवारी ने धान की फसल काटी

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को पपड़ियाणा गांव के महिलाओं के साथ धान की फसल काटी। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर महिला काश्तकार बहुत खुश हुई जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गंगोलगांव में धान की फसल पर किए जा रहे क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग ने काश्तकार बचन सिंह बिष्ट के धान के खेत में 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर नियमानुसार क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया। प्लाट में धान की उपज 2.7 किलोग्राम का उत्पादन प्राप्त हुआ। महिला किसानों ने बताया अधिक बारिश के कारण इस बार धान की उपज कम हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े एकत्रित किए जा रहे है। इससे किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने किसानों से कृषि और अन्य आवश्यक संसाधनों से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उनके समाधान हेतु सुझाव भी दिए।

कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी : छाम-कंडीसौड़ थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपी को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुखपाल सिंह मान ने बताया कि आरोपी कुत्ता लाल निवासी ग्राम लेंगर्थ पट्टी जुआ थौलधार को पांच लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध आबकारी ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल बलवंत सिंह, विपिन सैनी शामिल रहे। (एजेंसी)

सीएम हेल्पलाइन में शिकायतकर्ता से वसूली, मुकदमा दर्ज

देहरादून। उत्तराखंड मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत करने वालों से वसूली का मामला सामने आया है। कंट्रोल रूम हेल्पलाइन में तैनात एक कर्मचारी ने अपने साथी संग मिलकर यह कारनामा किया। मामले में एसओजी की प्राथमिक जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ राजपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। मनोज ठकराल हरिद्वार के गुरुकुल नारसन में एक रेस्टोरेंट में बतौर मैनेजर कार्यरत थे। मनोज ने अपने वेतन भुगतान के संबंध में श्रम आयुक्त कार्यालय रुड़की में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1905 में भी शिकायत की। शिकायत करने बाद पीड़ित को शैलेंद्र गुसाईं नाम के व्यक्ति ने फोन किया। उसने आश्वासन दिया कि वह सीएम हेल्पलाइन से जुड़ा हुआ है।

पीड़ित की शिकायत के समाधान के एवज में 2500 रुपये मांगे। आरोप है कि पीड़ित को व्हाट्सएप पर एक ई वॉलेट का क्यूआर कोड भेजा। जिसकी शिकायत पुलिस तक पहुंची। एसओजी की गोपनीय जांच में सामने आया कि शैलेन्द्र गुसाईं ने मनोज से पैसे मांगे। जो क्यूआर कोड भेजा वह किसी अन्य व्यक्ति के नाम और मोबाइल नंबर से जुड़ा था। जांच में पता लगा कि शुभम आनंद सीएम हेल्पलाइन देहरादून में कार्यरत है। वह इस फर्जीवाड़े में शामिल है।

पांच लाख से अधिक कारीगरों ने पाया बुनियादी प्रशिक्षण

देहरादून। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत अब तक पांच लाख से अधिक कारीगरों–श्रमिकों को बुनियादी प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र वितरित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। देहरादून में निरंजपुर स्थित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग की चिंता करते है।

यातायात नियमों का पालन नही करने वालों पर करें सख्त कार्यवाही : डीएम

जिलाधिकारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी, परिवहन व पुलिस विभाग को शराब पीकर वाहन चलाने वालें चालकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने रेलवे के अधिकारियों को पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग का शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने परिवहन विभाग को 15 साल पुराने निजी वाहनों की फिटनेस जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं परिवहन विभाग द्वारा इसी वर्ष माह जुलाई व अगस्त में 185 निजी वाहनों की फिटनेस की जांच की गई है। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को वाहनों की चेकिंग करते हुए शराब पीकर वाहनों का संचालन करने वाले वाहन चालकों पर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग को कहा कि हेलमेट का प्रयोग नहीं करने व वाहन चलाते समय फोन का उपयोग करने वालों पर सख्त चालानी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने परिवहन विभाग व लोनिवि के अधिकारियों को नव निर्मित मार्गों का संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिससे उन मार्गों पर समय से वाहनों की आवाजाही की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने इसी वर्ष जनवरी माह में चीला बैराज के पास हुई वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच करने के निर्देश उपजिलाधिकारी यमकेश्वर को दिये। बैठक में बताया कि माह जनवरी से माह अगस्त, 2024 में ओवरलोडिंग, ओवर स्पीड, नशे में वाहन संचालन, मोबाइल उपयोग, सीट बेल्ट सहित अन्य में परिवहन विभाग द्वारा 9975 चालान व पुलिस विभाग द्वारा 24272 चालान किये गये।

माह जनवरी से अगस्त माह तक जनपद में 31 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई जिसमें 28 की मृत्यु व 75 लोग घायल हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर अधिक दुर्घटनाएं हुई हैं उन स्थलों को चिन्हित करें, जिससे उन क्षेत्रों के मार्गों पर सुधारीकरण कार्य किया जा सकेगा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सैठ, अधिशासी अभियंता लोनिवि दिनेश बिजल्वाण, आरटीओ द्वारिका प्रसाद व शशि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने की एससीएसपी योजना के कार्यों की समीक्षा

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने शुक्रवार को जिला स्तरीय अधिकारियों को अनुसूचित जाति व्यक्तियों के लिए एससीएसपी योजना में किए जा रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा की। ताकि अनुजाति के व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। जिला विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति व्यक्तियों के लिए जो भी योजनाएं संचालित हो रहीं हैं, उन योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को धरातल पर आपसी समन्वय के साथ कार्य के निर्देश दिए। अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को प्रथम पायदान पर लाने के लिए तथा उसे विकास योजनाओं की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उसे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने महाविद्यालय और इंटर कॉलेजों में भी सेमिनार आयोजित करने के भी निर्देश दिए। जिससे छात्र-छात्राओं के माध्यम से योजनाओं की जानकारी उपलब्ध हो सके।

अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधियों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर आयोग के अध्यक्ष ने दर्ज कराई गई समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए जो जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाते हैं, उन्हें ससमय निर्गत किए जाएं।

बीकेटीसी के सीईओ ने लिया केदारनाथ में व्यवस्थाओं का जायजा

रुद्रप्रयाग : बदरी-केदार मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने शुक्रवार को केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरे चरण की यात्रा का शुभारंभ हो गया है ऐसे में समिति के अधिकारी-कर्मचारी बेहतर यात्रा संचालन के लिए हर संभव प्रयास करें ताकि तीर्थयात्रियों को सुगम दर्शन हो सके। केदारनाथ धाम पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले बाबा केदार के दर्शन किए। इसके बाद यात्रा को लेकर बदरी-केदार मंदिर समिति की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धाम में प्रतिदिन करीब तीन से चार हजार तीर्थयात्री दर्शन को पहुंच रहे है। ऐसे में उन्हें सुगम दर्शन कराने में पूरा सहयोग दें। बताया कि केदारनाथ में अभी तक रिकार्ड ग्यारह लाख पैंतालीस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि धामों में आवश्यक यात्री सुविधाएं मुहैया कराई गई है। इस दौरान मुख्य कार्याधिकारी ने केदारनाथ धाम में शाम को मंदिर समिति कर्मचारियों अधिकारियों की बैठक ली जिसमें उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर समिति के नवनिर्मित हो रहे रावल-पुजारी आवास, कार्यालय, भोगमंडी, कर्मचारी आवास का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न निर्माण कार्य को भी देखा। मंदिर दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने यात्रियों को ठंडी से बचने के लिए अलाव जलाने के भी निर्देश दिए। केदारनाथ पहुंचने पर तीर्थपुरोहितों ने सीईओ का स्वागत किया। इस मौके पर केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, सहायक अभियंता गिरीश देवली, पुजारी शिवशंकर लिंग समन्वयक व पूर्व कार्याधिकारी आरसी तिवारी, वरिष्ठ मंदिर प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, लोकेंद्र रिवाड़ी, अरविंद शुक्ला, पारेश्वर त्रिवेदी, कुलदीप धर्म्वाण, विक्रम रावत ललित त्रिवेदी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

संयुक्त निदेशक उपाध्याय ने सुनी पत्रकारों की समस्याएं

नई टिहरी : सूचना निदेशालय में संयुक्त निदेशक नितिन उपाध्याय ने टिहरी में पत्रकारों के साथ समन्वय बैठक की।

उन्होंने जिला सूचना कार्यालय का निरीक्षण और प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत कर समस्याएं हल करने का आश्वासन दिया। कहा कि शासन स्तर की समस्याओं को सूचीबद्ध कर उच्चाधिकारियों से अवगत कराएंगे। इस दौरान पत्रकारों ने प्रेस मान्यता का सरलीकरण करने, जिले में स्थाई समिति की नियमित बैठक करने, जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रत्येक तीन माह में जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता करने, वीआईपी प्रोग्राम में पत्रकार दीर्घा बनाने और उन्हें कवरेज के लिए बेहतर स्थान व संसाधन उपलब्ध कराने, मान्यता प्राप्त के साथ ही सक्रिय पत्रकारों को सुविधाएं देने, मेडिकल और परिवहन सुविधा देने की मांग की।

दिसम्बर 2024 तक सभी 73 टावरों को चालू करें बीएसएनएल के अधिकारी : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद क्षेत्रांतर्गत भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की संचार व्यवस्थाओं की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बीएसएनएल के आला अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि टावर की स्थापना हेतु चिन्हित की गई 73 साइट का स्थलीय निरीक्षण करते हुए उक्त स्थलों पर हुए सिविल वर्क व इलेक्ट्रिकल वर्क की प्रगति आख्या एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें शुक्रवार को आयोजित संचार सुविधा से जुड़ी कंपनी बीएसएनएल की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में जो भी शैडो एरिया यथा संचार सुविधा से वंचित क्षेत्र है,

उनकों संचार सुविधा से आच्छादित करना उनकी मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन 73 साईटों को टावर निर्माण हेतु चिन्हित किया गया है उन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर टॉवर स्थापित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन 11 स्थानों पर विद्युत संयोजन की स्थापना हेतु 02 लाख रु0 से अधिक की लागत के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इस संबंध में आवश्यक फण्ड की व्यवस्था हेतु शासन स्तर पर पत्राचार किये जाने की बात कही। जिलाधिकारी ने बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष टॉवरों की स्थापना व बैंडविड्थ सम्बंधित कार्य निर्धारित समयावधि माह दिसम्बर 2024 तक हर हाल में पूरा करना सुनिश्चित करें। बीएसएनएल के अधिकारियों द्वारा दी गयी। जानकारी के मुताबिक चिन्हित 73 स्थलों में से 48 स्थलों पर टॉवर खड़े किये जाने का सिविल वर्क पूरा कर लिया गया हैं। जिसमें से 45 साईटों पर इलैक्ट्रीकल वर्क भी पूर्ण हो चुका है जबकि 23 पर 4जी नेटवर्क सुविधा सुचारु कर दी गयी है। बैठक में एजीएम बीएसएनएल श्रीनगर अश्वनी कुमार, एसडीओ विद्युत गोविन्द रावत, जेटीओ सीएम अमन ठाकुर, जेटीओ पौड़ी सुमित कुमार शर्मा, एडीपीआरओ प्रदीप सुन्दरियाल, ईडीएम सचिन भट्ट आदि उपस्थित थे।

100 मीटर दौड़ आर्यन, सृष्टि ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक के राजकीय इंटर कालेज कांसखेत के खेल मैदान में शरद/शीतकालीन प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र राणा, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि महेन्द्र राणा ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने प्रतियोगिताओं के सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये। मुख्य अतिथि महेन्द्र राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल भावना से खेला जाना चाहिए, खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, खेल हमारे शरीर एवं मन को भी चुस्त दुरस्त रखता है। आज खेलों में भी छात्र-छात्रायें अपना भविष्य बना सकते है।

सरकार द्वारा खिलाड़ियों को नौकरी में आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान आर्यन जीपीएस कल्जीखाल, द्वितीय मंयक जीपीएस बड़कोट, तृतीय सोहित जीपीएस सीरौं रहे, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सृष्टि जीपीएस डुंक, द्वितीय राधिका जीपीएस सुतारगांव, तृतीय अरोशी जीपीएस किमोली रही। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी गंगा प्रसाद लखेड़ा, सहायक विकास अधिकारी (पं0) मेघराज सिंह, युवा कल्याण अधिकारी कल्जीखाल दिनेश नेगी, खंड शिक्षा अधिकार संजय कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज कांसखेत राकेश प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष जूनियर संगठन पौड़ी प्रेम प्रकाश कुकरेती, जिलाध्यक्ष प्राथमिक संघ पौड़ी मनोज जुगरान, पूर्व खेल समन्वयक कल्जीखाल अलि भट्ट, खेल समन्वयक सुभाष चन्द्र, ब्लाक मंत्री जूनियर विपिन भट्ट, कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन पटवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य आसुई सपना रावत, दीपक रावत, पूरण सिंह, मदन सिंह भण्डारी, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख दरवान सिंह, अनिल, प्रधान संगठन अध्यक्ष रमेश चन्द्र शाह, ग्राम प्रधान बड़कोट नवीन कुमार, सुतारगांव सुनील, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक असवाल, जसवीर रावत, अशोक रावत आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय अधिकारियों लिया आईआरएस का दो दिवसीय प्रशिक्षण

चमोली : उत्तराखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की ओर से गोपेश्वर में आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक सहायता विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों को इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम को लेकर किए जाने वाले कार्यों विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान आपदा के समय रिस्पांस टाइम को कम से कम करने, आपदा घटित होने पर आवश्यक राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर त्वरित राहत बचाव के गुर सिखाए गए। इस दौरान आपदा प्रबंधन प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा और राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में भी

जानकारी दी गई। इस मौके अस्टिंट कमांडेंट एनडीआरएफ अजय पंत, इंस्पेक्टर एनडीआरएफ मंजीत, प्रशिक्षण विशेषज्ञ जेसिका, सीएमओ डा.राजकेश पांडेय, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. केके उनियाल, डीएसपी संजय गुंज्याल, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदा किशोर जोशी। (एजेंसी)

आपदा प्रभावितों ने जोशीमठ की तर्ज पर मुआवजे की मांग

चमोली : कर्णप्रयाग में भू धंसाव से जूझ रहे बहुगुणानगर और सुभाषनगर के आपदा प्रभावितों ने सरकार से जोशीमठ की तर्ज पर मुआवजे की मांग की है।

प्रभावितों ने डीएम को ज्ञापन देकर कहा कि ऑल वेदर रोड़ कटिंग के दौरान एवं सब्जी मंडी से हुए भू-धंसाव के कारण बहुगुणानगर में 30 परिवारों के आवासीय घरों में भारी क्षति हुई है। उनकी मकानों की दीवारों में चौड़ी दरारें आने से उनके मकान रहने योग्य नहीं रह गए हैं। जबकि एनएच ने मुआवजा केवल चार परिवारों को दिया और बाकी परिवारों को छोड़ दिया गया है। आपदा प्रभावितों ने कहा कि वे दो वर्षों से लगातार शासन और प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से अपनी समस्या से अवगत करा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी प्रभावितों को कोई राहत नहीं मिल पाई है।

साथ ही कर्णप्रयाग के सुभाषनगर मोहल्ले में भी भूस्खलन के कारण पांच से अधिक आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं और प्रभावितों को अपनी जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त भवनों में अपने परिवारों के साथ रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में प्रशासन की यह लापरवाही कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

दुष्कर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश

नई टिहरी : कैंपटी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट के निर्देश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस दूसरे आरोपी पीएसी के जवान की तलाश कर रही है। उधर, पीड़िता के मजिस्ट्रेटी बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं। कैंपटी थाना क्षेत्र के तहत एक नाबालिग ने पीएसी के जवान समेत दो युवकों के खिलाफ पोक्सों में मुकदमा दर्ज कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक जेआर जोशी ने बताया कि एक्टिव सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी 19 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करें : डीएम

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि संचालित सड़क एवं ब्रिज निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समय से सभी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आपदा में अवरूद्ध मोटर मार्ग जिनको सुचारू करने में तीन दिन से अधिक समय लग रहा है, उनका औचित्य और फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट उपलब्ध करें। बरसात में जिन सड़कों पर 30 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है, उनका आपदा के पश्चात आवश्यकताओं का आंकलन (पीडीएनए) करवाते हुए जिला स्तर पर गठित समिति को प्रस्ताव दें। ताकि आपदा से प्रभावित सड़कों पर शीघ्र सुधारीकरण किया जा सके। क्षतिग्रस्त

सड़को की मरम्मत के लिए आपदा प्रबंधन में शीघ्र आंगणन उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समरेखण विवाद वाले मामलों का स्थानीय लोगों से वार्ता कर समाधान किया जाए। वन भूमि हस्तांतरण मामलों का त्वरित निस्तारण करें। संचालित सड़क एवं ब्रिज निर्माण कार्यों में श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए तेजी से पूरा किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी डिवीजनों में कार्यों की विस्तार से प्रगति समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। पीएमजीएसवाई के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में सभी डिवीजनों के अंतर्गत वर्तमान में कुल 47 निर्माण कार्य संचालित है। जिनमें अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जबकि 11 निर्माण कार्य समरेखण विवाद, वन भूमि हस्तांतरण एवं अन्य कारणों से बाधित है। वीसी में पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता संदीप श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता सचिन कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी सहित पीएमजीएसवाई के सभी डिवीजनों के अधिशासी अभियंता मौजूद थे। (एजेंसी)

डीएम ने ली लोक निर्माण के अंतर्गत संचालित विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने वीसी के माध्यम से जनपद में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत अवस्थित मोटर मार्गों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें लोनिवि के सभी डिविजनों से सड़कों पर ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, सीएम घोषणा में निर्माणाधीन सड़क, वन भूमि हंस्तांरण के लंबित प्रकरण, आपदा से अवरूद्व सड़कों की स्थिति, जिला योजना एवं राज्य सेक्टर में संचालित कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर आपदा के पश्चात आवश्यकताओं का आंकलन (पीडीएनए) करते हुए तीन दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट जिला स्तर पर गठित समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि आपदा से प्रभावित सड़कों पर सुधारीकरण के लिए त्वरित कार्रवाई की जा सके। बरसात के कारण लोनिवि की जितनी सड़के अभी बंद है, उनको तत्काल सुचारू किया जाए। सड़कों पर पैचवर्क कार्य शीघ्र पूर्ण करते हुए सभी सड़कों को गढ्डा मुक्त करें और सभी डिविजन इसकी रिपोर्ट भी दें। सीएम घोषणा, वन भूमि हस्तांरण और शासन स्तर पर लंबित मामलों की सूची उपलब्ध करें। ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

किसी कारणवश या बजट के अभाव में अधूरी योजनाओं को पूर्ण करने के लिए मिसिंग लिंक फंड में प्रस्ताव दें। इस दौरान जिलाधिकारी ने लोनिवि के अंतर्गत संचालित सभी प्रोजेक्ट और उनमें आ रही समस्याओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लाया जाए। ताकि समय पर उसका समाधान किया जा सके। बैठक में जिला

योजना, राज्य सेक्टर और नाबार्ड के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा भी की गई। चमोली से गोपेश्वर नगर तक एनएच की खस्ता हालत पर जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों को नाली व झाडियों की सफाई के साथ सड़क को शीघ्र गड्ढा मुक्त करने के निर्देश भी दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में लोनिवि के अंतर्गत 13 स्टेट हाईवे है। इन सभी स्टेट हाईवे पर ब्लैक स्पॉट और संवेदनशील स्थलों पर सड़क सुरक्षा के कार्य पूर्ण कर लिए गए है। सड़कों पर पैचवर्क का कार्य जारी है। जनपद में उपयुक्त सीए लैंड उपलब्ध न होने के कारण कतिपय प्रस्ताव वन विभाग स्तर पर लंबित चल रहे है।

वर्ष 2026 की राजजात यात्रा के दृष्टिगत थराली-देवाल-वाण मोटर मार्ग पर सड़क सुधारीकरण एवं हॉटमिक्स का प्रस्ताव तैयार किया गया है। नंदप्रयाग-घाट मोटर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सतह मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। धुर्मा-कुंडी मोटर मार्ग और गोपेश्वर-कुर्जौ मैकोट मोटर मार्गों पर बड़े स्लाइड जॉन है, जिनका स्थायी उपचार की किया जाना प्रस्तावित है। वीसी में लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजेश चन्द्रा, अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी सहित लोनिवि के सभी डिवीजनों के अधिशासी अभियंता मौजूद थे। (एजेंसी)

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com